सीएमए और सीएस फरीदाबाद चैप्टर के बीच खेला गया दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच

ग्रेटर फरीदाबाद, राजेश नागर (पंजाब केसरी)। फरीदाबाद के सेक्टर-78 मे वर्ल्ड स्ट्रीट के पास फरवेंट क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया स जिसमे फरीदाबाद इकाई द इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआई) बनाम द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएमएआइ) के मध्य एक क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें आइसीएमएआई ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाजी का निर्णय लिया गया और आइसीएसआई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर मे सभी विकेट खोकर 116 रन बनाये। जिसके बाद बल्लेबाजी करते हुए आइसीएमएआई की टीम ने 5 विकेट खोकर से यह मैच जीत लिया।

फरीदाबाद में खेले गए इस टूर्नामेंट मे मैन ऑफ द मेच का श्रेय शमीम खान को दिया गया। जिन्होंने मैच मे बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच जिताने मे अहम योगदान दिया। उपरोक्त मैच में हरियाणा के

● पुरस्कार वितरण करने पहुंचे विपुल गोयल

पूर्व कैबिनेट मन्त्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि खिलाडिय़ों कों सम्मानित करने पहुंचे और खिलाडिय़ों कों मैडल और ट्रॉफी देकर उनके भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस मैच में आइसीएसआई की तरफ से कपिल डुडेजा कप्तान और आइसीएमएआई की तरफ से संकल्प वधवा बतौर कप्तान रहे।

इस मौके पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मैच खेलने वाली दोनों टीमें के खिलाडिय़ों कों सम्बोधित करते हुए कहा की दोनों ही संस्थान उद्योग जगत की रीढ़ की हड्डी हैं।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान और भारतीय लागत लेखांकन संस्थान दोनों बहुत महत्वपूर्ण संगठन है जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के निर्माण में, लागत नियंत्रण में और देश के उद्योगों के सुचारू रूप से कार्यवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।